प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 14 दिसम्बर, 2024 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार आज जमशेदपुर जाकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अर्जुन मुंडा के दिवंगत भाई भीमसेन मुंडा जी के श्राद्ध कर्म में सम्मिलित हुए। उन्होंने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल महोदय ने शोकाकुल परिवार से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।